दिन– गुरूवार दिनांक– 14/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगे। छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

02. बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशभोगियों के मंहगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब पचास प्रतिशत की जगह तिरेपन प्रतिशत मिलेगा डीए।

03. पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर स्थित आसरा गृह में कथित तौर पर विषाक्त भोजन खाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई।

04. और, महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड को तेरह–शून्य से पराजित किया। नौ अंकों के साथ भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान समारोह में शामिल होंगे। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुअल ओराम ने आज जमुई में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी।

———बाईट———

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर के पांच सौ उनचास जिलों में बिरसा मुंडा धरती आबा योजना के तहत श्री मोदी छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाईट———

श्री ओराम ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय स्वाधीनता सेनानियों पर आधारित दो संग्रहालय और दो जनजातीय शोध संस्थानों का उद्‌घाटन करेंगे। इसके अलावा वे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत नवनिर्मित ग्यारह हजार घरों में जनजातीय परिवारों का गृह प्रवेश भी करायेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में देश

के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से लोग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम आठ बजे राष्ट्र के नाम संदेश देंगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी के पटना केंद्र से कल सुबह आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर किया जाएगा। इस कारण आकाशवाणी पटना से सुबह आठ बजकर अड़तालीस मिनट पर प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार का प्रसारण राष्ट्रपति के संदेश के तुरंत बाद किया जाएगा।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री कल जमुई से जिन योजनाओं की सौगात देंगे, उससे अनुसूचित जनजाति वर्ग का उत्थान सुनिश्चित होगा। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जमुई की धरती से कल प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम से जनजातीय समुदाय का विकास सुनिश्चित होगा।

———————————————————————————

बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशभोगियों के मंहगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब कर्मचारियों को पचास प्रतिशत की जगह तिरेपन प्रतिशत डीए मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। सरकार के इस फैसले से लगभग दस लाख सरकारी कर्मियों को फायदा होगा। बढ़े हुए डीए का लाभ एक जुलाई दो हजार चौबीस के प्रभाव से लागू होगा। इसके अलावा राज्य मंत्रिमंडल ने पटना मेट्रो निर्माण के लिए एक सौ पंद्रह करोड़ रुपये की राशि मंजूर की। साथ ही मंत्रिमंडल ने ब्रिटेनिया कंपनी को दो सौ छत्तीस करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। एक अन्य फैसले में राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में चार सौ छत्तीस नए पदों के सृजन को मंजूरी दी है।

———————————————————————————————

राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर स्थित आसरा गृह में कथित तौर पर विषाक्त भोजन खाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि एक चौबीस वर्षीय महिला और एक छह वर्ष तथा बारह वर्ष की बच्ची की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच में आठ महिलाओं का इलाज चल रहा है, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर है। दो को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान प्रारंभिक रूप से यह पाया गया कि विषाक्त भोजन खाने, साफ–सफाई की कमी और लापरवाही के कारण ये मौते हुई हैं।

———बाईट———

इधर, समाज कल्याण विभाग की अपर सचिव हरजोत कौर बम्हरा ने पीएमसीएच में भर्ती महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि एफएसएसएआई की रिपोर्ट में भेजान बनाने में इस्मेमाल किए गए हल्दी और धनिया के खराब होने की बात सामने आई है। श्रीमती कौर ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

———बाईट———

———————————————————————————————

राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लीग मैच में भारत ने लगातार तीसरी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड को तेरह–शून्य से पराजित किया। इसके साथ ही भारत ने नौ अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं, मलेशिया ने एक रोमांचक मुकाबले में कोरिया को दो–एक से पराजित कर दिया। एक अन्य मैच में चीन ने जापान को दो –एक से शिकस्त दी।

———————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने हाजीपुर नगर थाना में पदस्थापित दारोगा पूनम कुमारी को दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा दुर्घटना के एक मामले में केस रिपोर्ट कोर्ट में भेजने के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रही थी। इससे पहले भी गिरफ्तार दारोगा का रिश्वत मांगते ऑडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

———————————————————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एक लाख सात हजार उनासी अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। परीक्षा में लगभग बारह लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

———————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में इंडोर स्टेडियम और मारवाड़ी महाविद्यालय में नवनिर्मित महिला प्रभाग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री आर्लेकर ने छात्र–छात्राओं को खेल–कूद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रभावित लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

———————————————————————————

आज बाल दिवस है। बच्चों की शिक्षा, देखभाल और अधिकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर चौदह नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। राजधानी पटना में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बेली रोड स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————————

पटना में पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की ओर से राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के लाभों के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। उत्तर–पश्चिमी हवा की गति कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि सोलह नवम्बर से हवा की गति बढ़ने के बाद ठंड में बढ़ोतरी होगी।

---बाईट---

---

पटना जिले के बिहटा में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र के खुदना गांव में पुलिस ने छापेमारी कर उनतीस ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के एनएच– सत्तावन पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से पचास लाख रुपए मूल्य की शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने पिछले तीन दिनों के दौरान चलाए गये विशेष अभियान के तहत पैंतीस लोगों को शराब तस्करी और पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

---

समस्तीपुर जिला आज अपना तिरेपनवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगे। छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।
02. बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशभोगियों के मंहगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब पचास प्रतिशत की जगह तिरेपन प्रतिशत मिलेगा डीए।
03. पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर स्थित आसरा गृह में कथित तौर पर विषाक्त भोजन खाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई।
04. और, महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड को तेरह–शून्य से पराजित किया। नौ अंकों के साथ भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।